an>

Title: Need to reopen the closed Jarangdih coal mine and Bermo Seam Incline coal mine (Bokaro and Kargali) in Jharkhand.

m01

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) ः कोल इंडिया की अनुषांगिक ईकाई सी.सी.एल. अंतर्गत कथारा परिक्षेत्र की जारंगडीह भूमिगत खदान को 29 मई से बंद कर दिया गया, जबकि पिछले 35 साल से इस खदान के बंद होने से लगभग 350 कर्मचारी बेकार बैठे हैं। इसी तरह, सी.सी.एल. अंतर्गत ही बोकारो-करगली परिक्षेत्र के बेरमो सीम इन्क्लाइन (बी.एस.आई.) भूमिगत खदान को भी मई महीने में बंद कर दिया गया, जबकि बंद होने की तिथि तक इससे कोयला उत्पादन हो रहा था। इसके बंद होने से भी 300 से अधिक कर्मी बेकार बैठ गये हैं। उक्त दोनों खदानों को सुरक्षा कारणों से बंद किया गया है, जबकि सुरक्षा उपायों की समस्या पर ध्यान नहीं देने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। एक तरफ सरकार रोजगार देने की बात करती है, दूसरी ओर कार्यरत कर्मचारियों को बैठा दिया जा रहा है। उक्त दोनों खदानों के बंद होने से कोल इंडिया/सी.सी.एल. को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। आज स्थिति ऐसी है कि कर्मचारियों को बैठाकर वेतन दिया जा रहा है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह होगा कि कोल इंडिया एवं देशहित में उक्त दोनों बंद खदानों को पुनः चालू करवाया जाये।